हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 11 फ़रवरी 2026, समय 1305 (5 मिनट)

उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में उपराष्ट्रपति ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को दूरदर्शी विचारक और राष्ट्र निर्माता बताया, जिन्होंने अपना जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का समग्र मानवतावाद का सिद्धांत आज भी विश्व के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने यह भी कहा कि सबसे वंचितों की करुणापूर्वक सेवा करने और नैतिक जनजीवन जीने का पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संदेश भारत को विकसित भारत की ओर अग्रसर करता रहेगा। एक अन्य सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के मूल्यों पर आधारित सिद्धांत और विचार देश की हर पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक बने रहेंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्र निर्माण के शाश्वत प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।

पंजाब और हरियाणा के हजारों किसान अपने आधार कार्ड को बैंक खाते से नहीं जोड़ पाने के कारण सरकार की पी.एम. किसान योजना का लाभ नहीं उठा पा रहे है। योजना के अंतर्गत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से किसानों के आधार नंबर से जुड़े खातों में प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये अंतरित किए जाते हैं। यह सहायता दो दो हजार रुपये की तीन किस्तों में प्रदान की जाती हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि हरियाणा और पंजाब, प्रत्येक राज्य में 61-61 हजार किसान आधार संख्या के माध्यम से इस सहायता का लाभ नहीं उठा पाए हैं।

कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने लोकसभा में कल यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मंत्रालय नियमित रूप से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों, सामान्य सेवा केंद्रों और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के समन्वय से बैंक खातों को आधार से लिंक कराने के लिए अभियान चलाता है। किसानों को इस संबंध में उनके आधार खातों से जुड़े मोबाइल नंबर पर एस.एम.एस. के द्वारा पी.एम.किसान योजना की जानकारियां दी जाती हैं। जिससे कि वे अपने बैंक खातों को आधार से जोड़ें।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर सदन में राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने श्री गांधी से आग्रह किया कि ऐसे मुद्दों को राजनीतिक लाभ के लिए न उठाएं। लोकसभा अध्यक्ष को हटाने के नोटिस पर टिप्पणी करते हुए रिजिजू ने कहा कि सदन में ऐसे मामलों से निपटने के लिए सुस्थापित नियम और प्रक्रियाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कांग्रेस सांसदों की कार्रवाई ने अध्यक्ष के पद की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। संसद परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में श्री रिजिजू ने कहा कि सदन के नियमों और शर्तों को अनदेखा करना बहुत ही खतरनाक है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता के रूप में श्री गांधी का यह दायित्व है कि वे सदन की मर्यादा बनाए रखें।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बिजली विभाग के अधिकारियों को राज्य में खेती के पंपों को सौर ऊर्जा पर करने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री कुसुम योजना को समय पर लागू किए जाने पर बल दिया। वे कल अलग-अलग विभागों के बजट खर्च और जरूरी विभागीय

योजनाओं की प्रगति को लेकर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सौर पंपों से पैदा होने वाली फालतू बिजली को सरकारी ग्रिड में वापस भेजा जाना चाहिए, ताकि इसका सदुपयोग हो सके। उन्होंने अधिकारियों को राज्य की सभी सरकारी इमारतों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने में तेजी लाने के भी निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस अड्डों, हैफेड के गोदामों और दूसरे सरकारी भवनों पर भी रूफटॉप सोलर पैनल लगाए जाएं। मीटिंग के दौरान, अधिकारियों ने बताया कि राज्य में 5,000 सरकारी इमारतों का सर्वे पूरा कर लिया गया है और रूफटॉप सोलर पैनल लगाने का काम चल रहा है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि सभी जिलों के उपायुक्त इस योजना को लागू करने में तेजी लाएंगे और तत्परता से इसकी निगरानी करेंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल परिवहन विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को खराब हालत वाले बस अड्डों की पहचान करने और उनकी मरम्मत एवं रखरखाव करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने राज्य भर में इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग सरंचना को बढ़ाने और इको-फ्रेंडली पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने तथा कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाने पर भी बल दिया। बैठक में बताया गया कि कनीना, बरवाला, टोहाना और निग्धू में बस स्टैंड कार्य लगभग पूरे हो चुके हैं, जबकि बादली, नीलोखेड़ी, बहल और दूसरे स्थानों पर काम चल रहा है।